भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं.153

दिनांक 14 **सितम्बर**, 2020

प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा योजना

153. **श्री महेश साहूः**

क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) ओडिशा में प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा योजना की प्रगति का ब्यौरा क्या है;
(ख) अब तक जिले-वार कितनी किलोमीटर पाइपलाइन बिछाई गई है;
(ग) किन-किन शहरों को घरेलू उपयोग के लिए पाइपकृत प्राकृतिक गैस की सुविधा मिलेगी और इसके कब तक मिलने की संभावना है; और
(घ) अब तक कितने घरों को पाइपकृत प्राकृतिक गैस के माध्यम से जोड़ा गया है?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री
(श्री धर्मेन्द्र प्रधान)

(क) उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और असम राज्यों को जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा परियोजना (पीएमयूजी) के भाग के रूप में, गेल बरौनी-गुवाहाटी पाइपलाइन (बीजीपीएल) और धामरा-हल्दिया (डीएचपीएल) तक स्पर लाइन के विस्तार सहित जगदीशपुर-हल्दिया-बोकारो-धामरा पाइपलाइन (जेएचबीडीपीएल) का कार्यान्वयन कर रही है। गेल ने सूचित किया है कि लगभग 2,655 किमी. पाइपलाइन में से अब तक लगभग 1,401 किमी. पाइपलाइन को नीचे किया गया है और दिनाँक 08.09.2020 की स्थिति के अनुसार ओडिशा राज्य से गुजरने वाली लगभग 766 किमी पाइपलाइन में से लगभग 196 कि.मी. पाइपलाइन को नीचे किया गया है।

(ख) जिला-वार विवरण नीचे दिया गया है -

क्रमांक	जिला	नीचे की गई पाइपलाइन (कि.मी. में)
1	धेनकनाल	33
2	कटक	32
3	पुरी	1
4	जाजपुर	26
5	जगतसिंहपुर	3
6	खोरडा	10
7	देवगढ़	8
8	सुंदरगढ़	30
9	झारसुगुड़ा	19
10	संभलपुर	34

(ग) इसके अलावा, पीएनजीआरबी ने 70 जिलो को कवर करते हुए नगर गैस वितरण कंपनियों को प्राधिकृत किया है जिनमें से ओडिशा राज्य के 19 जिले शामिल हैं।

(घ) वर्तमान में, जेएचबीडीपीएल रूट पर करीब 55,200 परिवार पाइप्ड प्राकृतिक गैस प्राप्त कर रहे हैं।

****